# ई-टोकनः कागजों में 'सुविधा', खेतों में 'आफत'; खाद संकट में फंसे किसान

मध्य प्रदेश सरकार ने खाद वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए जिस 'ई-टोकन' व्यवस्था को बड़े जोर-शोर से लागू किया,वह आज सतना और मैहर जिले के हजारों किसानों के लिए राहत के बजाय 'जी का जंजाल' बन गई है।

सतना/मैहर।

प्रशासन इसे कालाबाजारी रोकने का रामबाण बता रहा है,लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि खेती के सबसे संवेदनशील समय (बोनी) में किसान खाद के लिए नहीं, बल्कि तकनीकी खामियों और 'डिजिटल मकड़जाल' से लड़ रहा है।

## तकनीकी फेल्योर और किसानों का दर्द



व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी 'अधूरी तैयारी' है। जिले के 60 फीसदी से अधिक किसान डिजिटल रूप से आत्मनिर्भर नहीं हैं। आज जब किसान को हाथ में खाद लेकर खेत में होना चाहिए,तब वह कियोस्क सेंटरों के चक्कर काट रहा है। केवाईसी,आधार-खसरा लिंकिंग और ओटीपी सत्यापन जैसी जटिलताओं ने किसानों को मानसिक रूप से तोड़ दिया है। जिन किसानों के एक से अधिक खसरे हैं,उनके रिकॉर्ड पोर्टल पर एकीकृत नहीं होने के कारण उन्हें जरूरत के अनुसार टोकन ही नहीं मिल पा रहे हैं।

## कालाबाजारी को अप्रत्यक्ष बढ़ावा

विडंबना देखिए,जिस सिस्टम को कालाबाजारी रोकने के लिए लाया गया,वही अब उसे खाद-पानी दे रहा है। टोकन न मिलने या तकनीकी देरी के कारण मजबूर किसान निजी दुकानों की ओर रुख कर रहे हैं। 350 की सरकारी खाद के लिए किसानों को खुले बाजार में 375 से 400 तक चुकाने पड़ रहे हैं। इससे न केवल खेती की लागत बढ़ रही है,बल्कि मुनाफे की उम्मीद भी दम तोड़ रही है।

## बढ़ा आर्थिक बोझ और अव्यवस्था

भाजपा किसान मोर्चा और किसान कांग्रेस जैसे संगठनों ने भी इस पर कड़े तेवर दिखाए हैं। सोहावल का किसान खाद लेने सिविल लाइन जा रहा है, जबकि कोठी क्षेत्र के किसानों को कई किलोमीटर दूर भटकना पड़ रहा है। वितरण केंद्रों में बदलाव से किसानों पर परिवहन और मजदूरी का अतिरिक्त बोझ पड़ा है। ऊपर से ऑनलाइन दुकानों पर टोकन बुक कराने के नाम पर 50 से 100 की अवैध वसूली अलग से हो रही है।

## क्या कहती है विशेषज्ञों की राय?

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बोनी के समय पर्याप्त खाद नहीं मिली, तो उत्पादन और उत्पादकता पर सीधा और गहरा असर पड़ेगा। धान,सोयाबीन और दलहन जैसी फसलों के लिए शुरुआती खाद अनिवार्य है।

## किसानों की मांग स्पष्ट हैः

जब तक डेटाबेस पूरी तरह दुरुस्त नहीं होता,तब तक 'ऑफलाइन' विकल्प जारी रखा जाए। प्रशासन की जल्दबाजी का खामियाजा अन्नदाता क्यों भुगते? अगर समय रहते सुधार नहीं हुआ,तो खेतों से उठने वाला यह आक्रोश आने वाले समय में बाजार और सरकार दोनों के लिए भारी पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### चित्रकूट में जमीनी विवाद में हवाई फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार, लाइसेंसी बंदूक जब्त

**सतना।** चित्रकूट थाना क्षेत्र के अंतर्गत राव रिसॉर्ट के सामने सोमवार देर रात जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में हवाई फायरिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

**विवाद और पुलिस कार्रवाई**

चित्रकूट थाना प्रभारी गिरजाशंकर बाजपेई के अनुसार,राव रिसॉर्ट के पास रहने वाले गोविंद त्रिपाठी और जुगलकिशोर द्विवेदी के बीच जमीन पर कब्जे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। सोमवार रात यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष थाने पहुँच गए और एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना के दौरान जुगलकिशोर द्विवेदी के पुत्र श्रीकृष्ण द्विवेदी ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से हवा में गोलियां चला दी थीं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर जांच की और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बीएनएस धारा 296 और 125 आर्म्स एक्ट धारा 25/27 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी श्री बाजपेई ने बताया कि घटना में इस्तेमाल की गई लाइसेंसी बंदूक को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### गहोई महिला मंडल ने मनाया बसंत उत्सव

**सतना।** गहोई महिला मंडल द्वारा बसंत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से की गई,जिसके माध्यम से बसंत ऋतु का स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने विविध सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया।

**कविता, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी संध्या**

बसंत उत्सव के दौरान महिलाओं द्वारा बसंत ऋतु पर आधारित कविता पाठ और गायन प्रस्तुत किया गया,जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता और उत्साह देखने को मिला,जिससे पूरा वातावरण उल्लासमय हो गया। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष ममता मोर, उपाध्यक्ष अर्चना बड़ेरिया,गीता बरसैयां,सचिव इंदु रावत,संस्कृति मंत्री शीतल कुचया,विनीता कुचया, सह सचिव रागिनी बिजपुरिया,कोषाध्यक्ष निधि खांताल,प्रचार मंत्री छाया अरुसिया सहित सीमा बड़ेरिया, वर्षा कटारे (पूर्व अध्यक्ष),शिखा खांताल,किशोरी पहारिया,साधना बड़ेरिया,मनोरमा चौदहा,कृष्ण लता कुचया, सुधा गुप्ता सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### अखंड पाठ के बाद हवन पूजन व भंडारे का आयोजन

**कटनी।** आधार काप में हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 31 जनवरी शनिवार और 1 फरवरी रविवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाणी सेवा श्री रंगनाथ भजन परिवार कटनी के तत्वावधान में 31 जनवरी को प्रातः 10 बजे से पूजन पाठ एवं संगीतमय अखण्ड मानस पाठ आरंभ किया गया। इस दौरान समधुर भजनों की शानदार प्रस्तुति में महिलाएं, युवतियां और बच्चे झूमते रहे। इसी कड़ी में 1 फरवरी रविवार को पूजन अर्चन एवं हवन के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जो कि दोपहर 1 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चलता रहा। दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित किया। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रिय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### सम्मान समारोह में छात्र छात्राओं को किया पुरस्कृत

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में इपकों क्लब के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योत्स्ना आथ्या द्वारा किया गया।



# मैहर में तीन बच्चे लापता, पुलिस ने 17 घंटे बाद ढूंढ निकाला

**मैहर।** पुलिस की तत्परता से महज 17 घंटे के अंदर वेद विद्यालय से लापता हुए बटुक ब्राह्मण वापस मिले देवी जी धाम स्थित वेद विद्यालय से कल रात लगभग आठ बजे तीन बच्चे जिनके नाम वेद दुबे ऋषभ त्रिपाठी सूर्यांश मिश्रा लापता हो गया थे उक्त तीनों बच्चे अष्टम कक्षा में अध्ययनरत थे लापता हुए बच्चों की जानकारी जैसे ही सभी संबंधित अधिकारियों को मिली वैसे ही मैहर एसडीएम दिव्या पटेल देवी जी पुलिस चौकी प्रभारी रणजीत सिंह सहित वेद विद्यालय के आचार्य सहित शारदा प्रबंधक समिति के सदस्य सचिन मिश्रा सक्रीय हुए और खोजबीन चालू किया परिणाम आया कि तीनों बच्चे सही सलामत वापस मिले जिनमें दो बच्चे कुसेरी गांव मैहर में पाए गए एवं तीसरा कटंगी के पास सरा गांव जिला जबलपुर में पाया गया निश्चित ही सारे अधिकारी और तमाम संबंधित जन धन्यवाद के पात्र है।

# असामाजिक तत्वों ने तोड़ी बाबा साहब की प्रतिमा
## आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर किया चक्काजाम

सतना।

जिले के कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत मांद मोहन्ना गांव में सोमवार की रात उस समय तनाव फैल गया,जब कुछ अज्ञात बदमाशों ने बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया,जिसके बाद प्रशासन ने नई प्रतिमा स्थापित कराकर स्थिति को संभाला। सोमवार देर रात कार से आए कुछ अज्ञात बदमाशों ने मांद मोहन्ना गांव में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा के हाथ,सिर और संविधान की किताब को क्षतिग्रस्त कर दिया। स्थानीय निवासी बालेन्द्र चौधरी के अनुसार,रात करीब 9 बजे बदमाशों को भागते देख कुछ ग्रामीणों ने उनका पीछा भी किया,लेकिन वे अंधेरे का फायदा उठाकर कार से फरार हो गए। मंगलवार सुबह जैसे ही प्रतिमा टूटने की खबर फैली,भारी संख्या में ग्रामीण और अंबेडकर समर्थक मौके पर जमा हो गए। दोषियों की





गिरफ्तारी की मांग को लेकर उन्होंने जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर एक घंटे तक चक्काजाम किया,जिससे यातायात पूरी तरह ठप रहा। घटना की सूचना मिलते ही कोलगवां थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी जल्द पहचान और गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया। तनाव कम करने के लिए प्रशासन ने त्वरित कदम उठाते हुए घटनास्थल पर अंबेडकर की नई प्रतिमा स्थापित करवाई। नई प्रतिमा लगने और कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया और स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।

# आरपीएफ प्लस जीआरपी और सतना कैरिज वैगन की शानदार जीत, लोकेश और देवेंद्र बने मैन ऑफ द मैच




सतना। ‹

रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में सतना कैरिज वैगन ने मां शारदा क्लब मैहर को 74 रनों से शिकस्त दी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सतना ने देवेंद्र 54 के अर्धशतक की मदद से 15 ओवर में 177 रन बनाए। जवाब में मैहर की टीम 103 रनों पर सिमट गई। देवेंद्र को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।दूसरा मुकाबला आरपीएफ प्लस जीआरपी बनाम रीवा कैरिज वैगन के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरपीएफ प्लस जीआरपी ने लोकेश पटेल की 74 रनों की तूफानी पारी की बदौलत 131 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रीवा की टीम निर्धारित ओवरों में 115 रन ही बना सकी और 16 रनों से मैच हार गई। लोकेश पटेल को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राज ने प्रदान किया। मैच के दौरान अंपायर संतोष व अमित कुमार रहे,जबकि आंखों देखा हाल ओमप्रकाश और मनोज मिश्रा ने सुनाया। टूर्नामेंट कमेटी के सचिव यादवेंद्र सिंह और कोषाध्यक्ष नीरज राज ने अतिथियों का स्वागत किया। मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि बुधवार को पहला मैच टीआरडी बनाम सतना 11 (सुबह 10 बजे) और दूसरा मैच कमर्शियल बनाम इंजीनियरिंग (दोपहर 1 बजे) के बीच खेला जाएगा।

# मासूमों की रगों में ‘जहर’: सतना ब्लड बैंक कांड की जांच तेज, दिल्ली से इंदौर तक हड़कंप!

**सतना।** सरकारी सिस्टम की संवेदनहीनता और लापरवाही ने सतना में मासूमों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। थैलेसीमिया से जूझ रहे चार बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाए जाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस गंभीर लापरवाही की परतें खोलने के लिए केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की इंदौर उपखंड की दो सदस्यीय टीम सतना पहुंच चुकी है। 4 फरवरी को होने वाली यह जांच जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की कार्यप्रणाली और पूर्व प्रभारी डॉ.देवेन्द्र पटेल समेत लैब टेक्नीशियनों के दावों की हवा निकाल सकती है।

## जांच के घेरे में ‘सिस्टम’ के रक्षक

ब्लड बैंक के पूर्व प्रभारी और लैब टेक्नीशियनों ने शोकॉज नोटिस का जो जवाब दिया है,अब उसका भौतिक सत्यापन होगा। औषध निरीक्षक सचिनकुमार बी.कपसे और सहायक औषधि नियंत्रक पुष्पराज कुमार सिंह की टीम रक्त संग्रहण, भंडारण और जांच मानकों की बारीकी से समीक्षा करेगी। सवाल यह है कि जब भोपाल से दिल्ली तक की टीमें पहले ही जांच कर चुकी हैं,तो आज तक यह 'सफेदपोश' सिस्टम यह क्यों नहीं बता पाया कि आखिर बच्चों की रगों में एचआईवी का संक्रमण कहां से आया?

## खौफनाक आंकड़ेः हर तीसरे दिन एक नया शिकार

जिले में एचआईवी संक्रमण की स्थिति अब विस्फोटक हो चली है। वर्ष 2026 की शुरुआत ही भयावह रही है-महज 30 दिनों के भीतर 9 नए केस सामने आए हैं,जिनमें एक गर्भवती महिला और एक मासूम बच्चा शामिल है। आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि सरकारी अस्पतालों में जांच कराने वाले हर 300 लोगों में से एक पॉजिटिव मिल रहा है।

## संक्रमण की खतरनाक रफ्तार

वर्ष 2025ः 161 नए मामले।
वर्ष 2024ः 142 मामले।
वर्ष 2023ः 130 मामले।
कुल संक्रमितः पिछले 23 वर्षों में 1200 से अधिक लोग इस जानलेवा बीमारी की चपेट में आ चुके हैं।

## आखिर जिम्मेदार कौन?

स्वास्थ्य विभाग भले ही एआरटी सेंटर के जरिए इलाज का दावा कर रहा हो,लेकिन हकीकत यह है कि संक्रमण का ग्राफ गिरने के बजाय आसमान छू रहा है। थैलेसीमिया पीड़ितों के मामले में तीन कर्मचारियों को सस्पेंड करना महज एक आईवॉश नजर आता है। असली सवाल उन प्रक्रियाओं पर है,जिनकी चूक ने मासूमों को ताउम्र का दर्द दे दिया। क्या इंदौर से आई टीम इस बार दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी,या यह जांच भी पिछली बार की तरह फाइलों में दफन होकर रह जाएगी? जांच टीम मंगलवार को बिरला विकास अस्पताल में पहुंची थी जहां उसने जांच पड़ताल की।

# शिवराजपुर में आज से बागेश्वर धाम सरकार की हनुमंत कथा का शंखनाद, उमड़ेगा आस्था का सैलाब

सतना।

पवित्र तीर्थ दहलान धाम,शिवराजपुर में आज से भक्ति और अध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 4 फरवरी से 6 फरवरी 2026 तक त्रिविध हनुमंत कथा का वाचन करेंगे। इस भव्य आयोजन के साथ ही 15 फरवरी तक चलने वाले 'अध्यात्म रुद्र महायज्ञ' का भी शुभारंभ हो रहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह है। हनुमंत कथाः 4 फरवरी से 6 फरवरी (पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा)। श्रीमद् भागवत महापुराणः 7 फरवरी से 15 फरवरी (पंडित निर्मल कुमार शुक्ला,प्रयाग धाम द्वारा)। कथा का समयः प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से प्रभु इच्छा तक। रुद्र महायज्ञः 4 से 15 फरवरी तक वेदों,पुराणों और शास्त्रों का पारण,महामृत्युंजय जाप एवं पार्थिव पूजन। विशाल भंडाराः 16 फरवरी 2026 को समापन के अवसर पर। यज्ञ के मुख्य आयोजक धर्मवीर रुद्र प्रताप त्रिपाठी (इंडियन कॉर्पोरेशन ग्रुप ऑफ कंपनीज, मुंबई) ने सभी श्रद्धालुओं से इस दिव्य आयोजन में सम्मिलित होने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए प्रतिदिन भोजन और प्रसादी की समुचित व्यवस्था की गई है। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने प्रवचनों के माध्यम से शक्ति,शांति और राष्ट्र जागरण का संदेश देंगे।यह आयोजन सतना के धार्मिक गौरव को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा। कार्यक्रम के संयोजक फणींद्र भूषण गर्ग (गोविंदा) ने बताया कि लाखों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। दहलान धाम में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि भक्तों को सुगम दर्शन और कथा श्रवण का लाभ मिल सके।



### लायन पवन मलिक 'डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एप्रिसिएशन मेडल' से सम्मानित

**सतना।** अमरकंटक में आयोजित लायंस इंटरनेशनल (डिस्ट्रिक्ट 3233 C) की तृतीय कैबिनेट बैठक 'उत्कृष्ट' में द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक को उनके विशिष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल ने 'एप्रिसिएशन मेडल' प्रदान किया, वहीं मुख्य अतिथि श्रवण कुमार ने स्पेशल लायंस पिन पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस गरिमामय आयोजन में मप्र-छत्तीसगढ़ के 140 क्लबों के 250 प्रतिनिधियों सहित सतना से आलोक त्रिपाठी,जय कुमार जैन व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में भविष्य की सेवा गतिविधियों को प्रभावी बनाने पर मंथन किया गया।

# जनसुनवाई: कलेक्टर और नगर निगम अध्यक्ष ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं, मौके पर हुआ कई मामलों का निराकरण

सतना।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष और नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन और निगम प्रशासन ने आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान कुल 112 आवेदकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

## कलेक्ट्रेट में 91 आवेदकों की पहुंची शिकायतें

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस. ने जिले के विभिन्न अंचलों से आए 91 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। कलेक्टर ने कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष आवेदनों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर विकास सिंह और डिप्टी कलेक्टर सुभाष मिश्रा ने भी आवेदकों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु दिशा-निर्देश जारी किए।



## नगर निगम में 21 नागरिकों ने दर्ज कराई शिकायत

नगर निगम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी (पालन) ने अधिकारियों के साथ मिलकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसंपर्क अधिकारी धीरज मिश्रा के अनुसार,यहाँ कुल 21 नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

## विभागवार शिकायतों का विवरणः विभाग आवेदनों की संख्या

पीएम आवास शाखा 06 योजना शाखा 05 निर्माण शाखा 03 पेयजल शाखा 03 अतिक्रमण शाखा 02 विद्युत शाखा 01 स्वच्छ भारत मिशन 01 शिकायत प्राप्त हुई। नगर निगम अध्यक्ष ने अधीक्षण यंत्री एस. के. सिंह और स्वास्थ्य एवं अतिक्रमण अधिकारी अरविंद प्रताप सिंह के साथ मिलकर कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। अन्य आवेदनों पर उचित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को 'टीप' लगाकर निर्देशित कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### रत्ना खरे का निधन



**देवेन्द्रनगर।** ग्राम पंचायत बड़वारा निवासी सेवानिवृत शिक्षिका रत्ना खरे का लंबी बीमारी के चलते 78 वर्ष की आयु में 1 फरवरी दिन रविवार को सुबह 8 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम दाह संस्कार मुक्तिधाम बड़वारा में किया गया। श्रीमती खरे ने शासकीय प्राथमिक कन्या शाला देवेंद्रनगर में शिक्षिका के रूप में कार्य किया और सन 2008 में सेवानिवृत हुई। वह स्वर्गीय गुलाब सिंह खरे की धर्मपत्नी थी। उनके पुत्र अजय खरे,कृष्ण गोपाल खरे एवं आशीष खरे हैं। वो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनके निधन पर ग्रामवासियों सहित पत्रकार बंधुओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की हैं।

### छात्रा की सतर्कता से तेंदुआ मूवमेंट की समय पर सूचना



**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत अनुभूति कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को जंगल, वन्यजीव संरक्षण तथा किसी भी वन्य गतिविधि की जानकारी तुरंत वन विभाग को देने का जो संदेश दिया जाता है, उसकी सार्थकता का एक उदाहरण आज सामने आया। शाहनगर रेंज के अनुभूति कार्यक्रम में शामिल संतोषी पटेल, कक्षा 11 वीं पीएम श्री विद्यालय बिसानी की छात्रा ने जागरूकता संदेश से प्रेरित होकर अपने गांव के समीप वन क्षेत्र से लगे खेतों में तेंदुए की गतिविधि देखी और तत्काल वनरक्षक आशीष कुमार पांडे को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन अमले द्वारा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई, जिससे संभावित मानव-वन्यजीव संघर्ष को समय रहते टालने में मदद मिली। यह घटना अनुभूति कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में विकसित हो रही संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और पर्यावरणीय चेतना का जीवंत उदाहरण है। ऐसे प्रयास यह सिद्ध करते हैं कि बच्चे न केवल संदेश ग्रहण कर रहे हैं, बल्कि उसे व्यवहार में भी उतार रहे हैं। वन विभाग द्वारा इस सकारात्मक पहल को प्रोत्साहित करने हेतु संबंधित छात्रा को विद्यालय स्तर पर सम्मानित किए जाने पर विचार किया जा रहा है, ताकि अन्य विद्यार्थियों में भी जंगल, वन्यजीव संरक्षण एवं वन अपराधों की सूचना देने के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना और अधिक सुदृढ़ हो सके।

### सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर छात्र-छात्राओं के साथ कार्यशाला आयोजित



**पन्ना।** जिले में आगामी 10 से 25 फरवरी तक फायलेरिया उन्मूलन के लिए 2 वर्ष से अधिक आयु के समस्त लक्षित आबादी को फायलेरिया रोधी दवा का सेवन करवाया जाना है। सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला मलेरिया अधिकारी अरुणेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में तैनात ब्लॉक कॉर्डिनेटर राजेन्द्र लोधी एवं रमेष प्रजापति के द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में एमडीए का प्रचार-प्रसार अभियान के दौरान समस्त लक्षित जनसमुदाय को फायलेरिया रोधी दवा का सेवन करने के लिए हायर सेकेण्डी स्कूल हरदी एवं गुछारा, लामी माध्यम शाला के बच्चों एवं आंगनवाडी केन्द्र में पहुंचकर जानकारी दी। साथ ही बताया कि सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम अंतर्गत डीईसी एवं एल्वेन्डाजोल दवाईयों का सेवन उम्र के अनुसार एवं आइवरमेक्टिन दवा का सेवन व्यक्ति की लंबाई के अनुसार करवाया जाएगा। उक्त दवाईयों का किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं होता है। समस्त आमजनों से अपील की गई है कि फायलेरिया रोधी दवा का सेवन अवष्य करें। हरदी एवं गुछारा के षिक्षकगणों ने कार्यषाला में सहयोग प्रदान किया।

### जनसुनवाई में आए 19 आवेदन



**पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को संपन्न हुई जनसुनवाई में 19 आम लोगों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया गया। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं।

### बंधक श्रम सतर्कता की बैठक कल

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में गुरूवार, 5 फरवरी को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय बंधक श्रम सतर्कता समिति व बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम 1986 के तहत जिला टॉस्क फोर्स समिति की बैठक होगी।

# 1 घंटे में 2 जगह अवैध शराब जब्त, भगवती मानव कल्याण संगठन की बड़ी कार्रवाई

भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पन्ना जिले के सिमरिया व रैपुरा थाना अंतर्गत 1 घंटे में 2 जगह अवैध शराब पकड़ी, सर्वप्रथम सिमरिया थानांतर्गत हरदुआ चौकी के लमक्षर में व रैपुरा थाना अंतर्गत अवंती बाई तिगड्डा पर अवैध शराब पकड़ी।



पन्ना।

हरदुआ चौकी अंतर्गत 2 पेटी अवैध शराब, एक मोटरसाइकिल, 2 आरोपी फरार, रैपुरा थाना अंतर्गत 2 पेटी (50 पाव गोवा ,50 पाव सफेद प्लेन बिना नंबर की मोटरसाइकिल दो आरोपी ) 2 आरोपी संतराम राय निवासी भरवारा,सौरभ पाल निवासी छतरपुर। धर्मसम्राट परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में देश में नशा विरोधी जनांदोलन चलाया जा रहा है और अब तक मात्र सागर संगठन में 3 हजार से अधिक स्थानों पर अवैध शराब की खेप पकड़ी जा चुकी है। संगठन व पार्टी का संकल्प नशें-मांस भय-भूख-भ्रष्टाचार जातिभेद-छुआछूत, सांप्रदायिकता से मुक्त चेतनावान चरित्रवान समाज का निर्माण करना।



## देवेंद्र नगर में जय हिंद क्लब के तत्वाधान में धूम मचा रहा 40 प्लस भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट

**देवेन्द्रनगर।**

जिले के देवेंद्रनगर में चालीस वर्ष से ज्यादा उम्र के क्रिकेट खिलाड़ियों का भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट भारतीयम विद्यापीठ स्कूल ग्राउंड में चल रहा है जिसका उद्घाटन जय हिंद क्लब लीग के अध्यक्ष अजयगढ़ राजपरिवार के सदस्य बमुरी महाराज डॉ. सवाई हृदय शाह जूदेव द्वारा किया गया। 15 दिवसीय टूर्नामेंट का इस आयोजन में क्षेत्रीय स्तर की कई टीमें भाग ले रहीं है।उद्घाटन मैच कमांडो क्लब और कर्मचारी इलेवन के बीच खेला गया जिसमें कमांडो क्लब ने शानदार जीत दर्ज की। आज बमोरी इलेवन और व्यापारी संघ के बीच रोमांचक मैच में व्यापारी संघ ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में जीत के साथ दस्तक दी। आज के मैच में मुख्य अतिथि के तौर पर जीरो मॉडल के संचालक कमलेश जैन मौजूद रहे साथ ही पंडित लाल बहादुर द्विवेदी, डॉ. देवेंद्र कुशवाहा, सदर पटवारी, उमेश पाठक, बबलू मिश्रा, पप्पू गुप्ता, राजकुमार पांडेय एवं अन्य गणमान्यजन सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और मैच के रोमांच का आनंद लिया।

## भगवान का चिंतन निरंतर करना चाहिए- व्याकरण आचार्य श्री राम दुलारे पाठक





**पन्ना।**

स्थानीय केंद्रीय विद्यालय के समीप श्रीमती सुनीता पाण्डेय एवं स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी राजकुमार पाण्डेय के सानिध्य में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्रा के साथ हुआ भव्य शुभारंभ कथा के प्रथम दिवस, 2 फरवरी 2026 को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात कथा व्यास पंडित रामदुलारे पाठक जी ने श्रीमद्भागवत महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह ग्रंथ साक्षात श्रीकृष्ण का स्वरूप है, जिसके श्रवण मात्र से जीव का कल्याण हो जाता है। दूसरे दिन राजा परीक्षित और कपिल मुनि संवाद की रही धूम कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से पाठक जी ने राजा परीक्षित को मिले श्राप की मार्मिक कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कलयुग ने राजा से अपने रहने के लिए स्थान मांगे। इसके उपरांत कपिल मुनि अवतार, माता देवहूति संवाद और भगीरथ की कठोर तपस्या से गंगा अवतरण के प्रसंगों का अत्यंत सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया गया। श्रद्धालु भक्तगण प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरी इच्छा कथा का आनंद ले रहे हैं। मुख्य श्रोता सुनीता राजकुमार पाण्डेय परिवार ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से कथा में उपस्थिति की अपील की है।

### पिछले मामले में जांच के बाद केवल नोटिस थमाकर मामला दबाया गया


# लगातार अजहर खान पर वसूली के आरोप

### कलेक्टर के नाक के नीचे का खेल


### औचक विगत 7,8 वर्षो से गिरोह बनाकर समितियों से करता है अवैध वसूली

**पन्ना।**

पड़रिया कला खरीदी केंद्र में से जो आरोप वसूली के लगे फिर, जांच सही पायी जाने पर अभी तक क्यों नही हुई कड़ी कार्यवाही। वसूली के आरोप लगने के बाद भी नही हुई अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नही। ताजा मामला औचक अजहर खान पर उनकी ही टीम के सदस्य रहे सर्वेयर रूपेश जायसवाल वर्तमान पदस्थ शाहनगर ओपनकैप पन्ना में नियुक्त सर्वेयर ने जो आरोप लगाये है उससे पूरे सिस्टम पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। आर बी असोसिएट भोपाल के सर्वेयर ने ही अपने औचक पर गंभीर आरोप लगाये है। लगातार औचक अजहर खान पर आरोपों के बाबजूद भी आज दिनांक तक कोई ठोस कार्यवाही नही हुई न ही उपार्जन से पृथक किया गया है। जबकि उपार्जन की अध्यक्षता स्वयं कलेक्टर उषा परमार है इन्ही की निगरानी में पूरा उपार्जन संपन्न हुआ है कलेक्टर मैडम से स्वयं जाकर शिकायत करने वाले सर्वेयर ने बताया कि अभी भी जो गाड़ी हम लोग शाहनगर में अमानक धान की रोकते है समिति


कार्यालय कलेक्टर (खाद्य) जिला पन्ना म.प्र.

से पैसा उठाकर यह हमारे ऊपर दबाव बनाता है हर एक समिति से पैसा वसूली का खेल चल रहा है लगभग उपार्जन में लिप्त हर छोटे बड़े अधिकारियों को इस औचक की काली कारतूत वसूली का खेल संज्ञान में है फिर भी अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई । कुछ दिनों पहले पन्ना विधानसभा के सभी समिति वालो ने विधायक पन्ना से शिकायत भी की थी लेकिन कुछ नही हुआ। अभी हाल ही में पवई की पड़रिया कला समिति प्रबंधक जयदीप सिंह भदौरिया मिन्टू राजा ने शिकायत की थी शिकायत के बाद जांच हुई जांच सही पायी गई तो के बाद कार्यवाही के नाम पर केवल नोटिस देकर प्रशासन ने मामला दबा दिया था। आखिर क्यों उपार्जन जैसे मामले में जिसकी अध्यक्षता स्वयं कलेक्टर उषा परमार है फिर भी इतनी अनियमितता और साथ मे वसूली का खेल समझ से परे है चर्चाओं का




बाजार गर्म है कि आखिर औचक खान को किसका सरंक्षण है। जब लगातार शिकायतें आने के बाद भी मामला दबा दिया जाता है। सर्वेयर रूपेश जायसवाल ने बताया कि अजहर खान ने मेरे से 2 दिसंबर जब सर्वेयर भर्ती शुरू हुई थी उसने मेरे से 30 हजार रुपये फोन पे पर लिया था जो अयूब मोहम्मद के फोन पे नम्बर पर मुझसे डलवाया था और वापिस मंगा रहा हूँ तो आजकल आजकल करता है। अब फोन नही उठा रहा है। कलेक्टर पन्ना को दिये शिकायती आवेदन में सर्वेयर ने बताया कि ऐसा पहला मामला नही है लगभग 10 लोग है मेरे परिचय के जिनसे 30 हजार रुपये प्रति लड़का इसने कम्पनी आर बी एसोसिएट भोपाल के नाम पर वसूली की है अब प्रश्न यह बनता है कि यह वसूली आर बी एसोसिएट करवाती है क्या या और किसी का सरंक्षण निर्देशन में वसूली चल रही है।



### जैविक कीट प्रबंधन की दिशा में सराहनीय पहल

## आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह सदस्य बने लाभार्थी आईपीएम तकनीक इन्सेक्ट पेस्ट मैनेजमेंन्ट

**पन्ना।**

आईपीएम तकनीक के द्वारा कीट पतंगो का नियंत्रण करने का अच्छा माध्यम सोलर टेप, फेरोमन टेप, प्राकृतिक खाद एवं कीटनाशक होते है। कीट पतंगों के वंश को बचाना है, एवं कीट पतंग का प्रबंधन भी करना है। समर्थन संस्था, रिलांयन्स फाउन्डेसन के सहयोग से जिले के 200 गांव में राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन जनपद पंचायत पन्ना कृषि केन्द्र, आत्मा परियोजना एवं उद्यानिकी विभाग के सहयोग से ऐसी तकनीक से सब्जी उत्पादन पोषण वाटिका लगाकर समृद्धि लाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में किसान सखी का प्रशिक्षण कृषि केन्द्र के माध्यम से कराया गया है जिले में प्राकृतिक खेती में किसान सखियो को बड़ा योगदान है। समर्थन संस्था पन्ना में 10 बीआरसी बनाकर प्रति सप्ताह लगभग 4000 लीटर से ज्यादा जीवामृत एवं डी कम्पोजर तैयार कर मिटटी को पोषण एवं स्वस्थ्य बनाने का कर्य विषय विशेषज्ञ कपूर सिंह चौहान के द्वारा किया जा रहा है। जरूआरपुर, उडकी, पत्थरा बडवारा, रानीगंजपुरया मिलसायं, मकरीकुठार, जनवार, विक्रमपुर विल्हा दिया, जमुनहाई एवं सकरिया के सब्जी उत्पादक किसान प्राकृतिक खेती अपना रहे है।



## जिले में मतदाताओं के नाम काटने की झूठी शिकायतों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।**

जिले के लगभग दसहज़ार मतदाताओं के नाम काटने साजिश के तहत फार्म सात में शिकायत की गई है जबकि शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी भी नहीं है शिकायतकर्ताओं ने शपथ पत्र भी दिया है एक शिकायतकर्ता के नाम से सैकड़ो लोगों की शिकायतें की गई हैं जिसको लेकर मतदाताओं में रोष व्याप्त है इसी संदर्भ को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नाम जिला कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सोपा गया है जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने कहा कि यह तो सरासर प्रजातंत्र के साथ खिलवाड़ है देश में रह रहे प्रत्येक नागरिक को मत देने का अधिकार है लेकिन जिस प्रकार से यह साजिश रची जा रही है यह दुर्भाग्यपूर्ण है इस दौरान कांग्रेस पार्टी के अनेक प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश तिवारी श्रीमती रमा बुंदेला मार्तंड देव बुंदेला राजबहादुर पटेल जगतपाल सिंह सुरेंद्र सिंह रियासत खान अनीश पिंकू आदि।

### उपयंत्री मुकेश चन्द्र अहिरवार निलंबित



**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अजयगढ़ के प्रतिवेदन पर एसआईआर अंतर्गत नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी कार्य संबंधी प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा पन्ना के उपयंत्री मुकेश चन्द्र अहिरवार को निलंबित कर दिया है। उपयंत्री द्वारा सूचना के बावजूद भी प्रशिक्षण में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई एवं इनके द्वारा मतदाता सूची संबंधी कार्य भी प्रारंभ नहीं किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपयंत्री के कृत्य को अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना जाकर तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में उपयंत्री का मुख्यालय कार्यपालन यंत्री कार्यालय ग्रामीण यांत्रिकी सेवा पन्ना निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

### छात्रावासों में शत प्रतिशत सीटों में प्रवेश के लिए अभी से तैयारी करें- कमिश्नर

# परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए किए जाएं पुख्ता इंतजाम

**पन्ना।**

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में शत प्रतिशत सीटों पर छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए अभी से तैयारियां प्रारंभ करें। छात्र-छात्राओं के प्रोफाइल भी तैयार करवाएं तथा विद्यार्थियों को छात्रावासों में प्रवेश के लिए सतत रूप से प्रोत्साहित करें। आगामी शिक्षा सत्र में छात्रावासों में प्रवेश हेतु कोई भी सीट रिक्त नहीं रहे, इसके लिए सतत रूप से प्रयास होना चाहिए। कमिश्नर ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दूर दराज क्षेत्रों में रहने वाले छात्र-छात्राओं और उनके परिजनों तक पहुंचना चाहिए। इसके प्रयास शिक्षा विभाग और



जनजातीय कार्य विभाग के मैदानी अधिकारी करें। बैठक में चालू शिक्षा सत्र में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं सहित अन्य परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षाओं में नकल के प्रकरणों को रोकने के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि सागर संभाग के सभी जिलों में नकल रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम होना चाहिए। बैठक में कमिश्नर ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थीयों के लिए संचालित छात्रावासों के सुदृढ़ीकरण योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सागर संभाग में छात्रावासों के सुदृढ़ीकरण का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कराएं। कमिश्नर ने छात्रावासों की साज-सज्जा एवं सौंदर्यीकरण के लिए शासन से प्राप्त राशि का शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कहा। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति बस्ती विकास योजना की जिलेवार समीक्षा की गई। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति बस्ती विकास योजना के कार्यों का चयन कर और संपूर्ण प्रक्रियाएं पूर्ण कर अनुसूचित जाति एवं जनजाति बस्ती विकास योजना के कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ प्रारंभ कराएं और निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराना भी सुनिश्चित करें। बैठक में छात्र-छात्राओं के लिए संचालित आवासीय योजना की प्रगति की जिलेवार समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने कहा कि आवासीय योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को सहजता से सहायता राशि मुहैया कराएं। बैठक में कमिश्नर ने अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना, आदि कर्मयोगी योजना के कार्यों की भी समीक्षा की।

## जमीनी विवाद से तंग आकर उठाया कदम; मौके पर मचा हड़कंप

# जनसुनवाई के दौरान वृद्ध ने खुद पर डाला पेट्रोल

**छतरपुर। छतरपुर जिले के लवकुशनगर अनुभाग क्षेत्र के अंतर्गत बछौन गांव के निवासी वृद्ध रामस्वरूप ने जमीनी विवाद को लेकर कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर बड़ा कदम उठाया। उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया और आत्मदाह की कोशिश की, जिससे पूरे परिसर में हड़कंप मच गया।**

जानकारी के अनुसार पीड़ित रामस्वरूप पिपौलया पिछले तीन वर्षों से भूमि विवाद के कारण परेशान चल रहे थे। न्याय की आस में वह बार-बार विभिन्न कार्यालयों के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। मंगलवार को जनसुनवाई में अपनी समस्या रखने पहुंचे वृद्ध ने निराशा में पेट्रोल की बोतल लेकर खुद पर छिड़क दिया।इससे मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आसपास खड़े लोगों और कर्मचारियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और वृद्ध के हाथ से पेट्रोल की बोतल तथा माचिस की तीली छीन ली। रामस्वरूप ने बताया कि शासकीय जमीन अन्य



लोग जोत रहे हैं। जबकि उसमें सागर से स्टे है। मेरा उसमें कोई कब्जा नहीं है फिर भी मुझ पर 25 हजार का जुर्माना लगा दिया है। मैं चाहता हूं कि मेरे पट्टे वाली जमीन मुझे वापस दिलाई जाए।घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और स्थिति को संभाला। प्रशासन ने वृद्ध की सुरक्षा सुनिश्चित की और मामले की जांच शुरू कर दी है। रामस्वरूप ने बताया कि वह तीन साल से जमीनी विवाद के चलते भटक रहे हैं और न्याय नहीं मिलने से हताश हो चुके हैं। डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी ने बताया कि लवकुशनर के बछौन तहसील का आवेदन दिया है। आवेदन में वह स्वयं लिख रहे हैं कि एक जमीन पर उनका पारिवारिक विवाद है उनके भाई उस पर कब्जा किए हैं। तीन बार इसके पूर्व नायब तहसीलदार कब्जा हटाकर उन्हें कब्जा दिला चुके हैं। इसके बाद दूसरे पक्ष ने नायब तहसीलदार के आदेश के विरूद्ध कमिश्नर न्यायालय में अपील की है। चूंकि मामले में अब वरिष्ठ न्यायालय से स्टे है इसलिए स्थिति यथावत है।

## खबर संक्षेप

### विरोधियों के स्टंप उखाड़ रही हमारे बुंदेलखंड की बेटीः पं. धीरेंद्र शास्त्री



**छतरपुर।** महिला क्रिकेट विश्व कप में मध्य प्रदेश की ओर से खेलने वाली बुंदेलखंड की बेटी क्रांति गौड़ मंगलवार को बागेश्वर धाम पहुंची। बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने क्रांति को मंगल आशीर्वाद देते हुए कन्या विवाह महोत्सव का निमंत्रण दिया। महाराज श्री ने कहा कि यह बुंदेलखंड की ऐसी बेटी है जो विरोधी टीमों के स्टंप उखाड़ देती है।

बागेश्वर धाम पहुंची अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी क्रांति गौड़ ने अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले बालाजी का आशीर्वाद लेते हुए बागेश्वर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञात हो की क्रांति अपने ही छतरपुर जिले के घुवारा की बेटी है। क्रांति के उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिला और इस बुंदेलखंड का नाम विश्व में रोशन हुआ है। महाराज जी ने कहा कि हमारी बेटी बेहद साधारण परिवार से है लेकिन उसने कठिन मेहनत कर विश्व में नाम कमाया है। खेल प्रतिभाओं को क्रांति की मेहनत से कुछ सीख लेनी चाहिए। क्रांति ने कहा कि जो मां-बाप बेटियों का विवाह करने में अक्षम है उनके लिए बागेश्वर महाराज भगवान का रूप लेकर उनकी मदद कर रहे हैं। बालाजी उन्हें इसी तरह सक्षम बनाए रहे ताकि वह गरीब बेटियों के विवाह करते रहें। बागेश्वर महाराज ने कहा कि हमारे अति प्रिय विनय चौरसिया ने पेप्टिक टाउन में क्रांति को विश्व स्तर का क्रिकेटर बनाने की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराईं। विनय ने पेप्टेक टाउन में रहने की व्यवस्था करने के साथ ही खेल के लगातार अवसर दिए यही वजह है कि क्रांति का प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक चयन हुआ। शहर के सागर रोड में स्थित बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडल के केंद्रीय कार्यालय में क्रांति गौड़ का आत्मीय स्वागत किया गया। क्रांति ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि बागेश्वर महाराज हमारे क्षेत्र का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर रहे हैं इतना ही नहीं वे लोगों को जाग रहे हैं कन्या विवाह महोत्सव पर उन्होंने कहा कि वह गरीब बेटियों के विवाह कर रहे हैं इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। उन्होंने महाराज श्री का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर केंद्रीय समिति के सदस्य राजेंद्र अवस्थी, ओमप्रकाश तिवारी, धीरज शर्मा, सुंदरलाल रैकवार, धाम के सचिव राजेंद्र मिश्रा, पवन मिश्रा, मेजर साहब,गोलू महाराज, आशीष खरे, नवीन चंदेरिया, दिनेश मिश्रा, अभिलाष पटेल, मयंक त्रिपाठी, अमित गौतम, देवेश दया चतुर्वेदी, मोनू अवस्थी, प्रिंस साहू, ज्योति रैकवार के अलावा बागेश्वर धाम शिष्य मंडल के भी सदस्य उपस्थित रहे।

### आकाशीय बिजली का कहरः ग्राम पठिया में युवक की मौके पर मौत



**बड़ामलहरा।** बड़ामलहरा अनुभाग के भगवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पठिया में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है और ग्रामीणों में भय का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पठिया निवासी लखन राजपूत (उम्र 25 वर्ष), पिता सुखदीन राजपूत, मंगलवार सुबह करीब 8 बजे कठान नदी के किनारे शौच के लिए गए थे। इसी दौरान मौसम में अचानक बदलाव आया और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर पड़ी। बिजली की चपेट में आने से युवक पूरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

## अवैध प्लाटिंग का खेल जारी, अधिवक्ता ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन



**छतरपुर।** छतरपुर जिले में कृषि भूमि पर बिना किसी डायवर्सन या अनुमति के अवैध प्लाटिंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अधिवक्ता प्रशांत भदौरिया ने आज कलेक्टर को एक लिखित आवेदन सौंपकर इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के विभिन्न मौजाओं में छोटे-छोटे प्लॉट बनाकर बेचे जा रहे हैं, जिसमें सड़कों के लिए भी न्यूनतम जगह नहीं छोड़ी जाती, जिससे आम जनता ठगा जा रहा है।

अधिवक्ता भदौरिया ने बताया कि मौजा धमौरा, मौजा रगोली, मौजा गौरगांय, मौजा छतरपुर और मौजा पलौठा सहित शहर के कई इलाकों में सैटेलाइट फोटो के माध्यम से अवैध प्लाटिंग के प्रमाण कलेक्टर को दिखाए गए। उन्होंने कहा कि इन प्लॉटों की बिक्री के बाद सरकार द्वारा इन्हें अवैध घोषित कर तोडऩे के आदेश दिए जाते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान गरीब खरीदारों को होता है, जो अपना सारा पैसा लगा देते हैं।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि इन अवैध कॉलोनियों में रेरा से कोई स्वीकृति नहीं ली जाती, न ही अन्य संबंधित विभागों से अनुमति प्राप्त की जाती है। प्लाटिंग बिना किसी नियम का पालन किए निरंतर जारी है, जबकि प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। अधिवक्ता ने दावा किया कि ऐसी अवैध गतिविधियां कुछ नेताओं के संरक्षण में चल रही हैं, जिसके कारण प्रशासन निष्क्रिय है। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन तत्काल ध्यान दे, अवैध प्लाटिंग करने वालों कॉलोनाइजरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे और आम जनता को इस धोखाधड़ी से बचाए। शहर के विभिन्न हिस्सों में जहां सड़कें तक नहीं हैं, वहां भी प्लॉट बेचे जा रहे हैं, जिससे खरीदारों का शोषण हो रहा

## युवती ने लगाया गैंगरेप का आरोप, दूसरे पक्ष ने कहा- पुरानी रंजिश में झूठा फंसाने की साजिश

### दूसरे पक्ष ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।** जिले के चंदला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलहरी की एक युवती ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती ने दावा किया है कि उसे जंगल में ले जाकर सामूहिक बलात्कार किया गया। इस मामले में आरोपी पक्ष ने भी एसपी कार्यालय में आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है और आरोपों को पूरी तरह झूठा करार दिया है। युवती के अनुसार यह घटना कुछ समय पहले हुई, जिसमें उसे जबरन जंगल ले जाया गया और वहां अपराध किया गया। युवती ने एसपी



कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। इससे पहले भी मीडिया रिपोर्ट्स में इसी मामले से जुड़े विवरण सामने आए थे, जहां युवती ने रजौली यादव, देवरतन यादव, हल्के यादव और राजेश यादव पर गंभीर आरोप लगाए थे। दूसरी ओर आरोपी पक्ष की ओर से देवरतन यादव निवासी बगहा ने एसपी को दिए आवेदन में कहा है कि युवती ने देवेंद्र सेन से भागकर मंदिर में शादी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवती पुरानी बुराई या जमीनी विवाद के चलते उन्हें जबरन झूठे केस में फंसा रही है। देवरतन यादव ने बताया, उक्त युवती बिलहरी की रहने वाली है और इसने देवेंद्र सेन से भागकर मंदिर में शादी की है। उक्त युवती हम लोगों को जबरन झूठा फंसा रही है। राजेश यादव, हल्के यादव और रजौली यादव और मुझ पर गैंगरेप का झूठा आरोप लगा रही है। जबकि इस लड़की से कोई लेना-देना भी नहीं है। हमारे रिश्तेदार रजौली यादव का उक्त युवती का कोई आपसी जमीनी विवाद था जिसके चलते उक्त युवती हम लोगों को झूठे केस में फंसा रही है। हमने आज एसपी को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच कर न्याय की गुहार लगाई है।

## सरपंच-सचिव पर फर्जी वसीयतनामा बनाकर जमीन हड़पने का आरोप



### जनसुनवाई में आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।** जिले के कुर्राहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ईशानगर निवासी लखन सुल्लेरे ने बड़ा आरोप लगाते हुए जनसुनवाई में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने दावा किया है कि ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव ने मिलकर फर्जी वसीयतनामा तैयार कर उनके दिवंगत पिता की जमीन को अपने नाम कराने की साजिश रची है।

लखन सुल्लेरे ने बताया कि उनके पिता का काफी समय पहले निधन हो चुका है। वे फौती नामांतरण कराने के लिए ग्राम पंचायत सचिव के पास आवश्यक कागजात लेकर गए थे। सचिव ने कहा कि आधार कार्ड ठीक से समझ नहीं आ रहा है, इसलिए दिवंगत व्यक्ति की बंदी की फोटोकॉपी दें। लखन ने व्हाट्सएप पर दिवंगत पिता की बंदी की फोटोकॉपी भेज दी। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिव ने इसकी फोटोकॉपी सरपंच को सौंप दी और दोनों ने मिलकर जाली वसीयतनामा तैयार कर तहसील में आवेदन दाखिल कर दिया। जब लखन सुल्लेरे ने अपना वैध आवेदन तहसील न्यायालय में पेश किया, तब उन्हें पता चला कि सरपंच और सचिव उनके पिता की सारी जमीन को फर्जी तरीके से अपने नाम कराने की कोशिश कर रहे हैं। इस मामले में लखन सुल्लेरे ने आज जनसुनवाई में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि फर्जी वसीयतनामा और नामांतरण आवेदन को तत्काल निरस्त किया जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## चंडीगढ़ के कलाकारों ने 'नागमंडल से जीता दर्शकों का दिल

### विरासत कला उत्सव में गिरिश कर्नाड के नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति

**छतरपुर।** शहर के ऑडिटोरियम में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज एवं जिला प्रशासन छतरपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विरासत कला उत्सव के सातवें दिन रंगमंच प्रेमियों को एक यादगार अनुभव प्राप्त हुआ। चंडीगढ़ से आए कलाकारों ने प्रख्यात नाटककार गिरीश कर्नाड द्वारा रचित और अमित सनौरिया तथा सरवर अली के कुशल और कसे हुए निर्देशन में नाटक 'नागमंडल की भावपूर्ण और सशक्त प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। नाटक के हर दृश्य में भावनाओं की गहराई झलकती रही, जिससे पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राकेश सिंह कुशवाह रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत सीईओ एवं डीएटीसीसी सचिव नमः शिवाय अरजरिया, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के निदेशक सुदेश शर्मा, विश्वविद्यालय के कार्य परिषद सदस्य नीरज भार्गव एवं समाजसेवी भगवत अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।



'नागमंडल नाटक के माध्यम से कलाकारों ने लोककथा और आधुनिक संवेदनाओं का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया। अभिनय, संवाद अदायगी, मंच सज्जा,गीत संगीत और प्रकाश व्यवस्था ने नाटक को और भी प्रभावशाली बना दिया। दर्शक पूरी प्रस्तुति के दौरान भावविभोर नजर आए और अंत में कलाकारों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

नाटक की प्रस्तुति के उपरांत मंच पर सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर कुलगुरु डॉ. राकेश सिंह कुशवाह ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन जिले में लगातार होते रहने चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति, साहित्य और रंगमंच से जुड़ सके। उन्होंने 'नागमंडल की उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए चंडीगढ़ से आए कलाकारों की मुक्त कंठ से सराहना की।

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के निदेशक सुदेश शर्मा ने इस सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन और स्थानीय संयोजक शिवेन्द्र शुक्ला सहित शंखनाद नाट्य मंच के सदस्यों का आभार जताते हुए भविष्य में भी लगातार सहयोग देने की बात कही। दर्शकों के भरपूर स्नेह के लिए छतरपुर की सुधि जनता का भी आभार जताया। समाजसेवी एवं व्यवसाई भगवत अग्रवाल ने कला ,संस्कृति के ऐसे उत्कृष्ट आयोजनों में हर संभव सहयोग देने की बात कही।

लोककथा पर आधारित है नाटक की कहानी यह नाटक एक ऐसी नवविवाहित युवती की कहानी है जो विवाह के बाद प्रेम,सम्मान और पहचान से वंचित रह जाती है।उसका पति उससे भावनात्मक और शारीरिक रूप से दूर रहता है जिससे एक खाली घर में उसका जीवन एकांत,अपमान और क्रूर व्यवहार के कारण डर से भर जाता है। कहानी में मोड़ तब आता है जब एक लोककथा के माध्यम से एक नाग मानवीय रूप धारण करके स्त्री के जीवन में प्रवेश करता है।वह नाग उसके पति का रूप रखकर उसके जीवन में प्रेम और स्नेह की बारिश कर देता है।लेकिन एक दिन में पति के दो स्वरूप जिसमें एक प्रेमपूर्ण है और दूसरा क्रूर,उसका जीवन दुविधाओं से भर जाता है।इस दुविधा को अपने सशक्त अभिनय से दीवजोत गुलाटी ने बखूबी चरितार्थ किया तो वहीं सैयद अलीम ने भी पति और फिर नाग के मानवीय के चरित्र में बार बार प्रवेश करके लोगों को चमत्कृत कर दिया। अंधी मां का अभिनय कर रहे अभिनेता राजा सुब्रमण्यम ने जबरदस्त ठहाके लगवाए और वाद्य यंत्रों की टीम का साथ भी बखूबी निभाया। नागप्पा बने पुलकित सैनी ने अपने मूवमेंट के जरिए ही बिना संवाद के बेहतर अभिनय करके तालियां बटोरीं। अन्य सहायक कलाकारों में अमित सनौरिया, हरदीप, धीरज कुमार यादव, दिव्यांशु, शुभम पासवान, खुशी पाल, खुशी सहगल, महीन वैद्य और करणवीर सिंह रहे। मुख्य गायक पीयूष भट्ट, गायिका शुचिता शर्मा और कोरस में काजल ठाकुर, गौरी, गगनदीप, दिलराज, श्रुति और रवींद्र थे। डॉ मोहित कौशल के प्रबंधन में नाटक के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। नागमंडल केवल एक लोककथा नहीं बल्कि स्त्री अस्तित्व, विश्वास, पितृसत्ता,और आत्मसम्मान की गहन पड़ताल है जहां यथार्थ और कल्पना के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है। सातों दिनों के कार्यक्रमों का संचालन नीरज खरे ने किया।



## 52वें खजुराहो नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन 20 से 26 फरवरी तक

### प्रतिष्ठित कलाकारों की प्रस्तुतियां और रोमांचक गतिविधियां होंगी मुख्य आकर्षण

**खजुराहो।** विश्व प्रसिद्ध यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में 52वां खजुराहो नृत्य महोत्सव 20 से 26 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। इस दौरान प्रतिष्ठित शास्त्रीय नर्तकों के घुंघरुओं की झंकार और कदमताल से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठेगा। साथ ही 18 से 26 फरवरी तक खजुराहो कार्निवल का आयोजन होगा, जिसमें जिले भर के कलाकारों को मंच मिलेगा।जिला कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक अगम जैन के साथ खजुराहो के नगर परिषद सभागार में बैठक ली और आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में संस्कृति विभाग, पर्यटन विभाग, पुरातत्व विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए।1975 से शुरू हुआ यह महोत्सव अब अपने 52वें संस्करण में प्रवेश कर रहा है। संस्कृति विभाग द्वारा उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी तथा मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल के माध्यम से आयोजित यह समारोह मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग, पुरातत्व विभाग और जिला प्रशासन की सहभागिता से होता है। पश्चिमी मंदिर समूह परिसर में कंदारिया महादेव मंदिर और देवी जगदंबा मंदिर के बीच विशाल मुक्ताकाशी मंच पर शाम की प्रस्तुतियां होंगी। महोत्सव का उद्देश्य शास्त्रीय नृत्यों का संरक्षण, कला के परमोत्कर्ष की अनुभूति कराना और कलाकारों को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष पहली बार लयशाला का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न नृत्य शैलियों के श्रेष्ठ गुरुओं और उनके शिष्यों का संगम होगा। कार्यशालाएं भी होंगी। अब तक भरतनाट्यम, ओडीसी, कथक, मोहिनीअट्टम, कुचिपुड़ी, कथकली, यक्षगान, मणिपुरी आदि सभी प्रमुख शैलियों के कलाकार यहां प्रस्तुति दे चुके हैं। इस वर्ष भी देश के ख्यातिप्राप्त कलाकार शिरकत करेंगे।

### रोमांचक गतिविधियां और साइड इवेंट्स

महोत्सव के दौरान देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए जल क्रीड़ा, स्पीड बोट, राफ्टिंग, विलेज टूर, ई-बाइक टूर जैसी रोमांचकारी गतिविधियां आयोजित होंगी।

### अन्य प्रमुख गतिविधियां

मध्य प्रदेश रूपंकर कला पुरस्कार/प्रदर्शनी एवं अलंकरणः शुभारंभ पर राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। कलायात्रा और प्रदर्शनीः शास्त्रीय, लोक एवं जनजातीय नृत्य के परिधान, आभूषण, चित्र शैलियां आदि प्रदर्शित होंगी। कलावार्ताः कलाकारों और विद्वानों के बीच संवाद। हुनरः देशज शिल्प मेला (मिट्टी, काष्ठ, लौह, बांस शिल्प आदि)। वर्तनीः ललित कलाओं का मेला (मूर्ति शिल्प, चित्रांकन आदि)। समष्टिः टेराकोटा और सिरेमिक राष्ट्रीय प्रदर्शनी-कार्यशाला। लोकनृत्य प्रस्तुतियांः दक्षिण मध्य सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर द्वारा। लयशालाः गुरु-शिष्य संगम और कार्यशालाएं। बैठक में डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल, संस्कृति विभाग के डायरेक्टर प्रकाश सिंह ठाकुर, डिप्टी डायरेक्टर पूजा शुक्ला, नगर परिषद अध्यक्ष अरुण पप्पू अवस्थी, राजनगर अध्यक्ष जीतेन्द्र जीतू वर्मा, एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, सीईओ राकेश कुमार शुक्ला, एसडीओपी मनमोहन सिंह जी बघेल, तहसीलदार धीरज गौतम, सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, टीआई प्रशांत सेन उपस्थित रहे।

# गोशाला में गौ-सेवा या अनाज का कारोबार ?

**छतरपुर। बुंदेलखंड की एक गोशाला को लेकर बड़ा आरोप सामने आया है। कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने गोशाला अध्यक्ष पर गौ-हत्या से जुड़ी एफआईआर दर्ज कराने, मौजूदा समिति को भंग करने और नई समिति गठित करने की मांग की है। आवेदन में दावा किया गया है कि गोशाला की जमीन का उपयोग गौ-चराई के बजाय खेती और अनाज बिक्री में किया जा रहा है।आवेदन के मुताबिक बुंदेलखंड गो-शाला ग्राम मऊ सहानिया में स्थित है, जहां करीब 84 एकड़ भूमि बताई गई है।**

आरोप है कि गोशाला में गोवंश भूख से मर रहा है, जबकि भूमि का उद्देश्य गौ-चराई होना चाहिए था। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी गोशाला प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगे हैं—जहर देकर गोवंश को नुकसान पहुंचाने और बड़ी संख्या में गोवंश की मौत का दावा किया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मौजूदा गोशाला समिति को तत्काल भंग कर स्थानीय लोगों को शामिल करते हुए नई समिति बनाई जाए। गौ-हत्या से जुड़े आरोपों की जांच कर अध्यक्ष व



जिम्मेदारों पर एफआईआर दर्ज की जाए। गोवंश को गोशाला के भीतर सुरक्षित रखा जाए, केवल दूध देने वाले पशुओं तक सीमित न रखा जाए। शासन की अनुदान राशि और दान के उपयोग का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक किया जाए। आवेदन में यह भी चेतावनी दी गई है कि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### सियारों से बचाने गायों पर लगाया गया था जहर ...?

सियारों की मौत के मामले में प्रशासन भले ही ठंड और भूख का हवाला दे रहा हो लेकिन मऊसहानियां निवासी दुष्यंत पाठक जो कि गौशाला के पीछे फार्म हाउस पर रहता है, ने आरोप लगाया है कि सियारों से बचाने के लिए गौशाला प्रबंधन द्वारा गायों के शरीर पर जहर पोता गया था। इस जहर को गायों द्वारा चाटने से उनकी मौत हुई है और जिन कुत्तों तथा सियारों ने गायों को चाटा है उनकी भी मौत हुई है। अगर ठंड और भूख से गायों की मौत हुई है तो फिर उसी स्थान पर आवारा कुत्तों और जंगली सियारों की मौत बड़ी तादाद में क्यों हुई इसका जवाब प्रशासन के किसी अधिकारी ने नहीं दिया है। आरोप लगाने वाले दुष्यंत पाठक ने इसकी निष्पक्ष जांच कराने और दोषी लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराने की मांग की है और इस आशय के आवेदन पुलिस थाना नौगांव और पुलिस अधीक्षक छतरपुर को दिए हैं।

# रेड लाइट के बाद भी फर्राटे से दौड़ रहे वाहन, चालकों में नहीं है ट्रैफिक सेंस, बनती है विवाद की स्थिति

**रीवा। शहर के कई चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है। इसका मकसद व्यवस्थित यातायात व्यवस्था है, लेकिन शहर के लोग इन नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। यहां से गुजरने वाले ज्यादातर लोग रेड लाइट को जंप करते हैं। यानी लाल बत्ती होने के बाद भी नहीं रुकते, धड़ल्ले से सड़क पार कर लेते हैं। ऐसे में ना सिर्फ ट्रैफिक नियम बेमानी साबित हो रहे हैं, बल्कि सड़क हादसे का डर भी हमेशा बना रहता है।**

वाहन चालकों की अंधेरगर्दी से न सिर्फ नियम की अनदेखी हो रही है बल्कि चौराहे की ट्रैफिक व्यवस्था भी चरमराई हुई है। नियम का पालन न होने से सिग्नल लाइट लगाए जाने की मंशा पूरी होती नजर नहीं आ रही है। जिन उद्देश्यों को लेकर चौराहे में लाइट लगाई गई थी उसे वाहन चालक धता बताते हुए अपने वाहन चौराहे से निकाल रहे हैं। इस अव्यवस्था के पीछे कहीं न कहीं प्रशासन की कमी को भी एक कारण माना जा रहा है तो वहीं आम जन मानस एक-दूसरे को देखने के बाद नियम तोडने के लिए वह अपना वाहन आगे बढ़ा देता है। यह सिलसिला लगातार होने के कारण अब कॉलेज चौराहा, ढेकहा और मार्तण्ड स्कूल तिराहा की ट्रैफिक व्यवस्था के बुरे हाल हैं। सिग्नल लाइट वाले चौराहे पर सफेद पट्टी सड़क पर हाल ही में लगाई गई है। लेकिन उक्त पट्टी को क्रास करके



वाहन या तो खड़े होते हैं या फिर वाहन चालक रेड लाइट जलने के बाद भी पार कर रहे हैं।

### पुलिस चालानी कार्रवाई में व्यस्त

इस अव्यवस्था के तहत कहीं न कहीं प्रशासनिक व्यवस्था को भी दोषी माना जा रहा है। कारण यह कि चौराहे पर नियम तोडने वालों की रोक-टोक नहीं की जाती है। ट्रैफिक पुलिस चलानी कार्रवाई में मस्त है तो वहीं चौराहों पर नियम को धता बताते हुए वाहन चालक वाहनों में फराटें मार रहे हैं। एक समय चौराहे में साउंड सिस्टम के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम और सिग्नल लाइट की जानकारी ट्रैफिक पुलिस देने के साथ ही पुलिस कर्मी रोक-टोक भी करते रहे हैं। लेकिन इस पर शिथिलता होने के बाद चौराहे की ट्रैफिक व्यवस्था पर इसका असर पड़ रहा है।

### भगवान भरोसे यातायात

ट्रैफिक को सुव्यवस्थित चलाने के लिए 5 चौराहों पर सिग्नल लाइट लगाई गई थी जिसमें कॉलेज चौक, सिरमौर चौक, देकहा तिराहा, मार्तण्ड स्कूल तिराहा शामिल है। लेकिन वर्तमान समय में किसी भी चौराहे में सिग्लन का पालन नहीं किया जा रहा है। एक तरफ नियम की अनदेखी हो रही है दूसरी तरफ ट्रैफिक पुलिस केवल चालान काटने में व्यस्त है।

## खबर संक्षेप

### कारण बताओ नोटिस जारी

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जनपद पंचायत गंगेव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्राची चौबे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लोक सेवा केन्द्र तथा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का समय सीमा में निराकरण न करने पर जारी किया गया है। नोटिस का जबाव तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत न करने पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अर्थदण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही की जायेगी।

### लोक सेवा गारंटी के आवेदनों के लंबित रहने पर 10 अधिकारियों पर लगा जुर्माना

रीवा । कलेक्टर प्रतिभा पाल ने लोक सेवा गारंटी के तहत एमपी ई डिस्ट्रिक्ट तथा आरसीएमएस पोर्टल में आवेदनों के लंबित रहने पर 10 अधिकारियों पर जुर्माना लगाया है। कलेक्टर द्वारा इन आवेदनों को समय सीमा में निराकरण करने के लिए 26 जनवरी की तिथि तय की थी लेकिन अधिकारियों द्वारा आवेदनों के निराकरण में रूचि न लेने तथा उनके लंबित रहने पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। कलेक्टर ने तहसीलदार मनगवां आँचल अग्रहरि, तहसीलदार त्योंथर राजेन्द्र शुक्ला, नायब तहसीलदार प्रकाश उपाध्याय, नायब तहसीलदार सिरमौर बिन्दु तिवारी तथा नायब तहसीलदार गुढ़ श्रीमती महिमा पाठक पर समय सीमा में लोक सेवा गारंटी के आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर एक-एक हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। इसी प्रकार नायब तहसीलदार जवा राजेश शुक्ला एवं निवेदिता त्रिपाठी, तहसीलदार जवा जीतेन्द्र तिवारी, प्रभारी तहसीलदार गुढ़ अरूण यादव तथा नायब तहसीलदार मनगवां ममता पटेल पर पांच-पांच सौ रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। अधिरोपित अर्थदण्ड की राशि लोक सेवा गारंटी अधिनियम में जमा कराकर चालान की प्रति तीन दिवस के अंदर कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

### नगरीय विकास एवं आवास मंत्री आज रीवा आकर जबलपुर प्रस्थान करेंगे

रीवा। नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 4 फरवरी को वायुयान द्वारा इंदौर से रवाना होकर दोपहर 1.15 बजे रीवा पहुंचेगे। विजयवर्गीय स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के उपरांत कार द्वारा अपरान्ह 3 बजे जबलपुर प्रस्थान करेंगे।

### रीवा संभाग ई आफिस में लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर

रीवा । प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है। अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है। ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 13464 फाइलें ई आफिस में क्रिएट की गईं तथा 53125 फाइलों का मूवमेंट हुआ। प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 5283 फाइलों का क्रिएशन तथा 40073 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है। इसमें 2520 फाइलों का क्रिएशन तथा 26057 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं। इनकी कुल संख्या 65 है। इस रैंकिंग में रीवा जिला 19वें स्थान पर है। रीवा जिले में 5610 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 34788 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। रैंकिंग में सिंगरौली जिला 40वें, मऊगंज जिला 50वें, सतना जिला 46वें, सीधी जिला 45वें तथा मैहर जिला 58वें स्थान पर है। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को ई आफिस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी जिला कार्यालयों में इसे दृढ़ता से लागू कराने के निर्देश दिए हैं। ई आफिस के माध्यम से कम श्रम और कम समय में फाइलों का मूवमेंट और निराकरण हो रहा है।

# सौ दिन से अधिक समय से लंबित सभी आवेदन 15 मार्च तक निराकृत करें: कमिश्नर



### संकल्प से समाधान शिविर में अधिकारी रूप से शामिल हों

रीवा । कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी अधिकारी संकल्प से समाधान अभियान में लगाए जा रहे शिविरों में अनिवार्य रूप से शामिल हों। जिला स्तरीय अधिकारियों से शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों की जानकारी लेकर उनका निराकरण कराएं। सभी संभागीय नोडल अधिकारी नियमित रूप से शिविरों की निगरानी करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मैहर तथा मऊगंज जिले में आवेदन पत्रों की संख्या अन्य जिलों की तुलना में कम है। इन जिलों में शिविरों का प्रभावी आयोजन कराएं। क्लस्टर स्तर पर आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए लगाए जाने वाले शिविरों में अधिकतम 30 पंचायतें ही शामिल करें। इन शिविरों के माध्यम से शासन की सभी प्रमुख योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराएं। कमिश्नर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित आवेदनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आवेदन पत्रों के नॉन अटेंडेड रहने पर जिले और विभाग की रैंकिंग प्रभावित होती है। आवेदन पत्रों में समय पर कार्यवाही न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित आवेदन पत्रों का 15 मार्च तक शत-प्रतिशत निराकरण कर दें। इसके लिए सप्ताहवार लक्ष्य निर्धारित करें। फरवरी माह के अंत तक लंबित आवेदनों में से 75 प्रतिशत का निराकरण कराएं। शेष आवेदनों का 15 मार्च तक निराकरण सुनिश्चित करें। राजस्व, खाद्य, पीएचई, शिक्षा, श्रम, ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग आवेदन पत्रों के निराकरण में विशेष ध्यान दें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। कमिश्नर ने कहा कि धान उपार्जन में किसानों का लंबित भुगतान सात दिवस में सुनिश्चित करें। मैहर और मऊगंज जिले में भण्डारण की अतिरिक्त व्यवस्था कराकर सात दिवस में शत-प्रतिशत धान का सुरक्षित भण्डारण कराएं। यदि किसी खरीदी केन्द्र में धान की शॉर्टेज हुई है तो समुचित कार्यवाही करें। यूरिया खाद की रैक लगातार प्राप्त हो रही है। इसका ई टोकन के माध्यम से व्यवस्थित वितरण कराएं। इस सप्ताह भी रीवा और सीधी में खाद की रैक आएगी। खाद के अग्रिम भण्डारण के लिए भी समितियों के पास पर्याप्त खाद उपलब्ध कराएं। कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करें। शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग तथा पशुपालन विभाग अपने मैदानी अमले को सक्रिय करके विभाग की उपलब्धियों को बेहतर करें। महिलाओं तथा शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के पंजीयन तथा समय पर जाँच एवं कुपोषण पर नियंत्रण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग मिलकर प्रयास करें। कमिश्नर ने कहा कि वर्तमान वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। संयुक्त संचालक कृषि संभाग के सभी जिलों की वार्षिक कार्ययोजना सात दिवस में तैयार कर प्रस्तुत करें। इसमें प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने, नरवाई प्रबंधन, फसल विविधीकरण, खाद्य प्रसंस्करण, फूलों तथा फलों की खेती को बढ़ावा देने एवं जैविक कीट नियंत्रण को शामिल करें। कार्ययोजना के अनुसार सभी जिलों में नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित कराएं। किसान की आय में वृद्धि के लिए समन्वित खेती तथा पशुपालन और मछलीपालन को शामिल कराएं। युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। प्राचार्य आईटीआई 21 फरवरी को निजी कंपनियों, आईटीआई के प्राचार्यों, पॉलिटेक्निक कालेज तथा इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्यों के साथ बैठक आयोजित कराएं। इसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी शामिल करें। बैठक में कमिश्नर ने पेयजल व्यवस्था, उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, ई ऑफिस व्यवस्था तथा सुमंगल साइकिल दिवस के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, प्रभारी वन मण्डलाधिकारी नितेन्द्र खण्डेलवाल तथा अन्य संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचनामा तक सीमित बेदखली की कार्यवाही: भारी पड़ रहे अतिक्रमणकारी

### अवैध कब्जा हटाने में राजस्व विभाग का छूट रहा पसीना, बैरंग लौटी टीम

**रीवा। निजी आराजी से अवैध कब्जा हटाने में राजस्व विभाग को पसीना छूट रहा है। नायब तहसीलदार न्यायालय का बेदखली के लिए स्पष्ट आदेश है बावजूद उसके भी विभाग के जिम्मेदार नाकामी का कत्थक कर रहे हैं। मामला मऊगंज जिले की सर्किल खटखरी के अंतर्गत ग्राम बघेला का है जहां मिश्रा परिवार की निजी आराजी पर सोंधिया परिवार के लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त खटखरी द्वारा 29 दिसंबर 2023 को बेदखली का आदेश पारित किया गया था किन्तु उसका धरातल पर पालन नहीं हो पा रहा है।**

दो वर्ष से अधिक का वक्त गुजर गया है किन्तु अब तक निजी पट्टेदार अपनी भूमि पर कब्जा हासिल नहीं कर सके हैं। राजस्व विभाग पर अतिक्रमणकारी भारी पड़ रहे हैं। स्थानीय स्तर से लेकर शासन-प्रशासन स्तर तक शिकवा शिकायतों के पश्चात तहसीलदार हनुमना द्वारा वादित भूमि से अवैध कब्जा हटाने तथा मूल भूस्वामी को अधिपत्य प्रदाय किए जाने बावत 23 जनवरी 2026 को टीम गठित की गई। टीम में हंसराज सिंह राजस्व निरीक्षक हनुमना, संजय दुबे पटवारी बघेला, अजीत कुमार वर्मा पटवारी खटखरी एवं अरुण कुमार सिंह पटवारी बलभद्रगढ़ को शामिल किया गया और अवैध कब्जा हटाने अर्थात बेदखली की कार्यवाही के लिए 29 जनवरी 2026 की तिथि नियत की गई। नियत तिथि को नायब तहसीलदार वृत्त खटखरी शिवम गौतम, टीम में शामिल आरआई और तीन पटवारी तथा पुलिस बल के साथ जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे जरूर थे किन्तु उनकी कार्यवाही पंचनामे तक ही सीमित रही। यहां गौर करने लायक बात यह है कि प्रकरण ग्राम बघेला की भूमि क्रमांक 234 से संबंधित है, जिससे अवैध कब्जा हटाने का आदेश है लेकिन राजस्व विभाग की टीम आराजी क्रमांक 235/1 एवं 235/2 में उलझी रही और बिना कार्यवाही बैरंग लौट आई।

### कलेक्टर के रसोईया का प्रभाव

जानकारी अनुसार सियाशरण एवं रामदरश पिता सुमंतराम मिश्रा निवासी ग्राम बघेला की आराजी क्रमांक 234/1 रकवा 0.209 हेक्टेयर, 234/2 रकवा 0.304 हेक्टेयर, 234/3 रकवा 0.304 हेक्टेयर के अंश रकवा 0.120 हेक्टेयर भूमि पर राजकुमार सोधिया पिता हिंछलाल सोंधिया, नागेन्द्र पिता शंकर सोंधिया, धर्मेन्द्र पिता शिवपति कहार ने अवैध कब्जा कर रखा है। इनको बेदखल किए जाने का आदेश नायब तहसीलदार वृत्त खटखरी 29 दिसम्बर 2023 को कर चुके हैं। एसडीएम हनुमना के न्यायालय से इनकी अपील भी 3 जुलाई 2024 को निरस्त हो चुकी है। तहसीलदार हनुमना ने अवैध कब्जा हटाने के लिए 29 जनवरी 2026 की तिथि निर्धारित की थी। उक्ताशय की सूचना उभयपक्षों को थी। खबर है कि अवैध कब्जाधारकों के परिवार का एक सदस्य जिला कलेक्टर के यहां रसोईया का काम करता है जो अपना प्रभाव बनाने में सफल है। इसके पूर्व वह कलेक्ट्रेट के ही एक विवादित स्टेनो के घर खाना बनाने का कार्य करता था। हो सकता है कि उक्त खानसामा किसी प्रशासनिक अधिकारी से राजस्व अधिकारियों पर दबाव बना लेता हो?

### तहसीलदार की कार्यवाही सवालों के घेरे में

बेदखली की इस कारवाही मे नायब तहसीलदार की भूमिका भी संदेह के घेरे मे है बताया जा रहा है कि जो स्थल पंचनामा तैयार किया गया है उसमें नक्शा संशोधन व सीमांकन का लेख है। आराजी क्रमांक 235/1 और 235/2 का आपसी नक्शा तरमीम स्पष्ट नहीं है। सोंधिया परिवार की ओर से नक्शा संशोधन पश्चात सीमांकन करा 235/1 पर कब्जा दिलाए जाने पर ही वह आराजी क्रमांक 234/1, 234/2, 234/3 के अंशभाग 504 वर्गफिट के साथ 0.020 हेक्टेयर स्वतः अपना कब्जा हटा लेंगे।

# चिकित्सकीय अधोसंरचना विकास में स्टेट ऑफ़ द आर्ट सुविधाओं को करें शामिल: उप मुख्यमंत्री

### गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार कार्यों की समीक्षा की

रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में प्रस्तावित निर्माण कार्यों, उपलब्ध अधोसंरचना और भविष्य की आवश्यकताओं पर गहन चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि अस्पतालों के विस्तार एवं उन्नयन कार्यों में चिकित्सकीय सुविधाओं का गुणवत्तापूर्ण, सुगम एवं समयबद्ध प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों की सुविधा, सुरक्षा और सहज आवागमन का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, जिससे अस्पतालों में बेहतर उपचार के साथ मानवीय संवेदनशीलता भी परिलक्षित हो। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अधोसंरचना विकास के दौरान स्टेट ऑफ़ द आर्ट सुविधाओं को शामिल करने पर बल देते हुए कहा कि भवन निर्माण, वार्ड व्यवस्था, ओपीडी, डायग्नोस्टिक सुविधाओं और अन्य सहायक सेवाओं में आधुनिक मानकों का पालन किया जाए। साथ ही भविष्य की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की स्थापना के लिए आवश्यक प्रावधानों को योजना में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा और तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि रीवा संभाग सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उन्नत एवं विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा धनराजु एस, विभागीय अधिकारी और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### रीवा में श्याम शाह मेडिकल कॉलेज छात्रों का बवाल, आधी रात द्वारिका नगर में लाठी-डंडों से हमला

रीवा। शहर के श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में छात्रों का विवाद बीती देर रात तक खत्म नहीं हुआ और देर रात फिर से मारपीट हुई है।बता दे सोमवार की शाम शुरू हुआ मेडिकल छात्रों के दो गुटों का विवाद आधी रात को शहर के द्वारिका नगर इलाके में हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। इस दौरान लाठी-डंडों से हमला किया गया, जिसमें कई छात्र घायल हो गए। पुलिस ने मामले में सख्ती दिखाते हुए 28 मेडिकल छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत सोमवार शाम मेडिकल कॉलेज परिसर में जीटी (छुट्टी पर जाने) को लेकर हुई थी। देखते ही देखते यह विवाद संजय गांधी अस्पताल परिसर तक पहुंच गया, जहां दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में करीब आधा दर्जन छात्र घायल हुए थे। सूचना मिलने पर अमहिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित कर मामला शांत कराया गया।

# बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखकर कलेक्टर ने दिए प्रतिबंध के आदेश

### परीक्षा केन्द्र से सौ मीटर की परिधि रहेगी प्रतिबंधित क्षेत्र

**रीवा । मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं 10 फरवरी से 7 मार्च तक तथा सीबीएसई बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षा 10 अप्रैल तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन तथा कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।**

जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों में सौ मीटर की परिधि का क्षेत्र प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसमें केवल परीक्षार्थी तथा परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारी ही प्रवेश कर सकेंगे। शेष व्यक्तियों के लिए इसमें प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। परीक्षा की अवधि में प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी तरह की दुकान के भी संचालन की अनुमति नहीं होगी। प्रतिबंधात्मक आदेश 10 फरवरी से 10 अप्रैल तक लागू रहेगा। जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंधित क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति मोबाइल, टैबलेट, कम्प्यूटर, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग नहीं करेगा। प्रतिबंधित क्षेत्र में अथवा परीक्षा केन्द्र की ओर जाने वाले मार्ग में किसी प्रकार का अवरोध लगाने तथा वाहनों का जमावड़ा पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केन्द्र की परिधि में नकल कराने की दृष्टि से किसी भी प्रकार की सामग्री जैसे गाइड, पुस्तकें, नोट्स, नकल की पर्चियाँ, किताबों के पन्ने आदि को लेकर प्रवेश करना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केन्द्र से सौ मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा से संबंधित कर्मचारियों को डराने-धमकाने अथवा परीक्षा विरोधी वार्तालाप करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर ने कहा है कि वर्तमान परिस्थितियों में प्रतिबंधात्मक आदेश की तामीली संभव नहीं है। इसलिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के तहत आदेश एकपक्षीय रूप में लागू किया जाता है। समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से आमजनता को इसकी सूचना दी जा रही है। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने तथा एसडीएम कार्यालय, जनपद सीईओ कार्यालय तथा ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर आदेश को चस्पा कराने के निर्देश दिए हैं।

# देवतालाब में ब्रह्माकुमारीज द्वारा "गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन" विषय पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन





मऊगंज। जिले के देवतालाब मे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र प्रभारी बीके लता बहन जी के तत्वावधान में "गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन" विषय पर आधारित एक प्रेरणादायी राजयोग ध्यान सत्र का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवतालाब क्षेत्र के सम्मानित एवं वरिष्ठ नागरिको विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।

### कार्यक्रम का मूल उद्देश्य

वरिष्ठ नागरिकों को आत्मिक सशक्तिकरण, शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति तथा सम्मानपूर्ण जीवन की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत "सब सुखी हों, सब निरोगी हों, सबका भला हो, विश्व का कल्याण हो" की मंगल भावना के साथ की गई। इसी भावना के अंतर्गत सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को बीके खुशबू बहन द्वारा राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया गया।

राजयोग ध्यान सत्र के दौरान उपस्थितजनों को बीके रानू बहन द्वारा निराकार परमपिता परमात्मा से आत्मिक संबंध स्थापित कर तनावमुक्त, शांत एवं आनंदमय जीवन जीने के सरल एवं प्रभावशाली उपायों की जानकारी दी गई। यह बताया गया कि राजयोग के माध्यम से मन को स्थिर कर जीवन के प्रत्येक चरण को गरिमा एवं संतोष के साथ जिया जा सकता है, विशेषकर वृद्धावस्था को गौरवपूर्ण बनाया जा सकता है। बीके विजय भाई द्वारा संस्था का परिचय दिया गया कार्यक्रम के अंतर्गत सभी वरिष्ठ नागरिकों एवं अतिथियों को तिलक, गमछे, ईश्वरीय साहित्य द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें ईश्वरीय उपहार प्रदान कर प्रसाद वितरण भी किया गया, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक उल्लास एवं अपनत्व का भाव दिखाई दिया।इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य रूप से बीके महेंद्र भाई की प्रेरणादायी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार उमाकांत शर्मा, सेवानिवृत्ति पुलिसकर्मी दया शंकर शुक्ला, रामखेलावन गुप्ता,कथा वाचक राजू पांडे , रामाधार गुप्ता प्रतिष्ठित समाजसेवी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके साथ ही कला बहन ,संजय बहन,बीके उमेश भाई, बीके महावीर भाई, बीके दिनेश भाई सहित अनेक गणमान्य वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता रही।कार्यक्रम के समापन पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से उपस्थित सभी जनों को बीके खुशबू बहन द्वारा नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई, जिससे स्वस्थ, संयमित एवं संस्कारयुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। यह आयोजन वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, सेवा एवं आत्मिक जागरूकता का एक सशक्त उदाहरण बना, जो समाज में सकारात्मक सोच एवं शांतिपूर्ण जीवन की प्रेरणा देता है।